# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 27वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 27 वीं |
| स्थान | : | झाँसी होटल<br>सदर बाजार, झाँसी। |
| दिनांक | : | 15 अप्रैल, 2019 |
| समय | : | पूर्वान्ह 11.00 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की

## प्रशासकीय परिषद की 27वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 27 वीं बैठक आज दिनांक 15.04.2019 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे झाँसी होटल, सदर बाजार, झाँसी मे सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इं0 राकेश गुप्ता<br>37/02, सिविल लाइन्स<br>झाँसी। | ........... | अध्यक्ष |
| 2. | श्री शैलेन्द्र चौधरी<br>संयुक्त निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा<br>बुन्देलखण्ड़ क्षेत्र<br>झाँसी। | ........... | उपाध्यक्ष (प्रतिनिधि) |
| 3. | श्री राम कृपाल बिन्द<br>अपर निदेशक<br>कोषागार एवं पेंशन<br>झाँसी मण्ड़ल,<br>झाँसी। | ........... | सदस्य<br>(प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, वित्त) |
| 4. | श्री एस0 आर0 खान<br>प्रभारी अपर निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0 प्र0,<br>कानपुर। | ........... | सदस्य<br>(प्रतिनिधि) |
| 5. | प्रो0 अकील अहमद<br>कुलपति<br>इन्टीग्रल विश्वविद्यालय<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 6. | श्री डी0 के0 दीक्षित<br>कार्यपालक निदेशक<br>बी0एच0ई0एल0<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |
| 7. | डा0 डी0 बी0 शाक्यवार<br>प्रमुख वैज्ञानिक<br>आई0सी0ए0आर0<br>सी0एस0डब्लू0आर0आई0<br>अविका नगर, वाया-जयपुर<br>राजस्थान। | ........... | सदस्य |

8. प्रो० गौरी शंकर ........... सदस्य
रिटायर्ड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
बायोकैमिकल इंजी० एवं फूड टेक्नोलाजी
एच०बी०टी०आई०,
कानपुर।

9. प्रो० मुकेश शुक्ला ........... सदस्य
प्रोफेसर
सिविल इंजी० विभाग
बी०आई०ई०टी०,
झाँसी।

10. प्रो० ए० के० निगम ........... सदस्य
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
सिविल इंजी० विभाग
बी०आई०ई०टी०,
झाँसी।

11. प्रो० वी० के० त्यागी ........... सदस्य सचिव
निदेशक
बी०आई०ई०टी०
झाँसी।

**<u>जो सदस्य उपस्थित न हो सके</u> :-**

1. मा० प्रो० विनय कुमार पाठक ........... सदस्य
कुलपति
डा० ए०पी०जे०अब्दुल कलाम
प्रा० वि० विश्वविद्यालय
लखनऊ।

2. प्रो० अभय करिन्दकर ........... सदस्य
निदेशक
आई०आई०टी०,
कानपुर।

3. प्रो० अजीत के० चतुर्वेदी ........... सदस्य
निदेशक
आई०आई०टी०,
रुड़की।

4. प्रो० एच० डी० चरन ........... सदस्य
कुलपति
राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय
कोटा (राजस्थान)।

5. प्रो० एस० जी० देशमुख ........... सदस्य
निदेशक
आई०आई०आई०टी०,
ग्वालियर।

6. प्रो0 विनोद यादव ........... सदस्य
निदेशक
एन0आई0टी0
हमीरपुर (हिमांचल प्रदेश)।

7. इंजी0 पी0 ए0 खरवड़कर ........... सदस्य
मैनेजिंग डायरेक्टर
करोना प्लस इंडस्ट्रीज
कौशलपुरी,
कानपुर।

**27.01 प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 04 फरवरी, 2019 को सम्पन्न हुई छब्बीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 फरवरी, 2019 को सम्पन्न हुई 26 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**27.02 प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 04 फरवरी, 2019 को सम्पन्न हुई छब्बीसवीं बैठक मे लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 फरवरी, 2019 को सम्पन्न हुई 26वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की कृत्त कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

परिषद ने मद संख्या 26.06 पर प्लेसमेन्ट एजेंसी को हायर किये जाने की कार्यवाही के क्रम में निर्देशित किया कि उक्त कार्य समय सीमा के अर्न्तगत ए0के0टी0यू0, लखनऊ के माध्यम से पूर्ण कर लिये जायें तथा समय की बाध्यता के क्रम मे यदि ऐसा नही हो पा रहा है तो उक्त हेतु संस्थान स्तर से कार्यवाही की जाये।

परिषद ने मद संख्या 26.13 पर नगर निगम द्वारा संस्थान परिसर पर लगाये गये सम्पत्ति (गृहकर) को माफ कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव शासन को यथाशीघ्र प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 26.17 के बिन्दु संख्या 06 मे सोलर सिस्टम की स्थापना हेतु नेडा के माध्यम से कार्य कराये जाने हेतु होने वाले समस्त खर्च एवं उपयोगिता तथा संस्थान स्तर से स्थापित किये जाने वाले सोलर सिस्टम का तुलनात्मक अध्ययन कर साध्यता (फिजीबिलटी) के आधार पर समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

**27.03** **संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों का एक्रीडिटेशन कराये जाने हेतु आवश्यकताओं पर विचार–विमार्श एवं कार्ययोजना का प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों का एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन कराये जाने हेतु पूर्व मे जिन छः पाठ्यक्रमों का एक्रीडिटेशन हेतु मार्च 11–13, 2016 मे विशेषज्ञ समिति द्वारा आंकलन की समीक्षा के क्रम में विषेशज्ञों द्वारा जो ग्रेड उपलब्ध कराये गये थे उनमे जिन–जिन बिन्दुओं मे न्यूनतम से कम ग्रेड प्राप्त हैं उन पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देशित किया। तथा यह भी सुझाव दिया गया कि, समय सीमा के अन्दर एक्रीडिटेशन की तैयारी सुनिश्चित की जाये। एक्रीडिटेशन हेतु आगामी एक्सपर्ट विजिट से पूर्व मेन्टर इंस्टीट्यूट के एक्रीडिटेशन से सम्बंधित विशेषज्ञ व अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा एस0 ए0 आर0 का भली–भाँति परीक्षण करा लियां जाये। साथ ही परिषद ने यह भी निर्देशित किया कि, एक्रीडिटेशन की प्रगति से अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अवगत कराया जाये, तथा जून माह मे प्रस्तावित परिषद की बैठक मे सम्बंधित विभाग द्वारा अपलोड किये जाने वाले एस0ए0आर0 व उससे सम्बंधित साक्ष्यों को सम्बंधित विभागाध्यक्ष द्वारा परिषद के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

साथ ही परिषद ने संस्थान मे जिन विभागों मे संकाय सदस्यों की कमी अथवा जो विभाग स्ववित्त पोषित योजना के अर्न्तगत संचालित हैं उन विभागों का भविष्य में एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन तथा सुचारू पठन–पाठन हेतु संकाय सदस्यों की कमी से सम्बंधित एक प्रस्ताव परिषद की आगामी बैठक मे प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**27.04** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।**

1. बुन्देलखण्ड़ क्षेत्र के समग्र विकास हेतु अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान को प्राविधिक विश्वविद्यालय (आवासीय) के रूप मे उच्चीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर परिषद ने

सहमति प्रदान की तथा उक्त से सम्बंधित सम्यक प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

2. संस्थान परिसर को हरित किये जाने की आवश्यकता के क्रम में परिसर मे जल की उपलब्धता को सुनिश्चित किये जाने हेतु जिलाअधिकारी एवं आयुक्त, झाँसी तथा सम्बंधित माननीय मंत्री एवं विधायक तथा अन्य सम्बंधितों से अनुरोध किये जाने हेतु निर्देशित किया।

3. परिषद ने संस्थान परिसर के समस्त वेस्ट वाटर को रिसाईकल किये जाने हेतु एक सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट (एस0टी0पी0) को स्थापित किये जाने के प्रयास हेतु निर्देशित किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

16/04/2019

(प्रो0 वी0 के0 त्यागी)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बीआईईटी, झाँसी।

16/4/2019

(इं0 राकेश गुप्ता)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी।